# हृदय रोग चिकित्सा शिविर – जानकीकुण्ड चिकित्सालय

चित्रकूट 17 अक्टूबर 2017 । जानकीकुण्ड चिकित्सालय स्वास्थ्य सेवा में अपनी अग्रणी भूमिका निभाता चला आ रहा है। एक निश्चित आयु के बाद हर व्यक्ति को खान–पान के प्रति सावधानी बरतनी चाहिए । किन्तु आधुनिक युग की आपा–धापी में व्यक्ति सामान्य आहार की प्रकिया नहीं अपनाकर असमय में आहार एवं निंद्रा ही स्वास्थ्य को हानि पहॅुचाता है। इसके लिए जानकीकुण्ड चिकित्सालय में हृदय सम्बधी रोगों की जॉच के लिये पंजीकरण 30 अक्टूबर तक चिकित्सालय समय मे किया जायेगा। यह बात चिकित्सालय के एडमिनिस्ट्रेटर डा0 ए0 बी0 एस0 राजपूत ने बतायी । उन्होने बताया कि यू0 एस0 ए0 अमेरिका के प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ  डा0 प्रकाश डी0 शाह एम डी–पी.एच.डी. एफ ए सी सी विभाग प्रमुख हृदय रोग विज्ञान आरोरा हेल्थ केयर वाशिंगटन के द्वारा 6 नवम्बर से 10 नवम्बर तक किया जायेगा। इसके लिये 30 अक्टूबर तक अपना पंजीकरण एवं सामान्य जांच जानकीकुण्ड चिकित्सालय में अति आवश्यक है क्यों कि डा0 शाह जिनका चिकित्सालय में पंजीकरण है उन्ही का स्वास्थ्य परीक्षण कर इस क्षेत्र के लोगों को लाभ पहुचायेंगे। डा0 राजपूत ने कहा है कि ज्यादा से ज्यादा लोग संस्थान में पहॅुच कर इसका लाभ जरूर उठावें।